Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) Fax, +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com Website: www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

टी–2 के प्रथम लिटर के दूसरे नर शावक को सफलतापूर्वक रेडियो कालर पहनाया गया

जैसा कि विदित है कि पन्ना टाईगर रिजर्व की बाघ पुर्नस्थापना योजना के अन्तर्गत सफल प्रजनन के परिणामस्वरूप टी–1 एवं टी–2 की पहली लिटर के शावक अब बड़े हो चुके हैं एवं स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। अब यह शावक ज्यादातर पार्क की बाहरी सीमाओं पर भी विचरण करते रहते हैं। इन शावकों की सुरक्षा व निगरानी को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई गई थी कि सभी शावकों को रेडियो कालर पहना कर इन्हें सेटे लाइट व अन्य माध्यमों से अनुश्रवण किया जायेगा। इसी क्रम में अब तक पी–111 एवं पी–211 को रेडियो कालर पहनाया जा चुका है। दिनांक 13.5.2012 को टी–2 के दूसरे नर शावक पी–212 को पन्ना परिक्षेत्र में सफलता पूर्वक रेडियो कालर पहनाया गया। बेहोश करने का कार्यक्रम शाम 3.40 से शुरू होकर बाघ शावक को बेहोशी से बाहर लाने की कार्यवाही शाम 4.07 पर महज 27 मिनट में पूर्ण की गई। शाम 4.17 पर बेहोशी से पूर्ण रूपेण बाहर निकल कर शावक चलने लगा। इस कार्यवाही में ग्रीष्मकाल के तापमान को नियंत्रित करने हेतु संभवतः दुनिया में पहली बार पन्ना टाईगर रिजर्व में अग्नि सुरक्षा हेतु निर्मित टैंकर स कृत्रिम वारिश जैसे स्थिति निर्मित करते हुए कार्यवाही में एक नये आयाम को मूर्त रूप दिया गया। जब आसमान से इस अग्निशामक यंत्र के पानी की बूंदें वारिश की तरह बेहोशी से बाहर निकले हुए बाघ के ऊपर गिरने लगीं तो वह जल्द से जल्द बोहोशी से बाहर निकल कर टहलने लगा। अब इस प्रकार पन्ना टाईगर रिजर्व के पहली सन्तति के 6 में से 3 बाघ शावकों को रेडियो कालर पहनाया जा चुका है।

जय हिन्द, जय भारत

दिनांक – 14.05.2012

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना

रडियो कॉलर पहनाने के पूर्व पी–212 पानी पीने की मुद्रा में

रेडियो कॉलर पहनाने के बाद पी–212 आराम की मुद्रा में